**पटना में दिनांक–05 अगस्त, 2026 बुधवार को अपराह्न 5:00 बजे हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही। मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की।**

**निम्नलिखित निर्णय लिये गयेः–**

**उद्योग विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | उद्योग विभाग, बिहार सरकार के अधीन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) निदेशालय हेतु पदों के पुनर्गठन–मुख्यालय स्तर पर स्वीकृत 82 पदों में से 26 पद तथा क्षेत्रीय स्तर पर स्वीकृत 31 पदों अर्थात कुल 57 पदों को प्रत्यर्पित, 01 पद उद्योग विभाग को वापस करते हुए मुख्यालय स्तर पर 106 पदों को चिन्हित किये जाने की स्वीकृति के संबंध में। | 1. | स्वीकृत। |

**कला एवं संस्कृति विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | पुरातत्व निदेशालय, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार अंतर्गत पूर्व से स्वीकृत कुल 16 तकनीकी पदों के विरूद्ध 12 पदों पर 11 माह अथवा नियमित नियुक्ति होने तक, जो भी पहले हो, के लिए संविदा के आधार पर नियोजन करने के संबंध में। | 2. | स्वीकृत। |

**कला एवं संस्कृति विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | भारत सरकार की फ्लैगशीप स्कीम ज्ञान भारतम मिशन के अन्तर्गत सर्वेक्षित पाण्डुलिपियों के डिजिटलीकरण और मेटाडेटा निर्माण योजना की स्वीकृति एवं इस पर कुल राशि ₹6,23,68,718/–(छः करोड़ तेईस लाख अड़सठ हजार सात सौ अठारह रूपये) मात्र के व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति। | 3. | स्वीकृत। |

**खेल विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | राज्य खेल अकादमी, राजगीर के परिसर में ''स्पोर्ट्स साइंस सेंटर''(उच्च प्रदर्शन खेल प्रशिक्षण एवं इन्जुरी सेंटर) के अधिठापन एवं संचालन, रखरखाव, मानव संसाधन के लिए गुणवत्ता–सह–लागत आधारित चयन (QCBS-Quality-Cum-Cost Based Selection) के माध्यम से एजेंसी का चयन करने की सैद्धांतिक सहमति प्रदान करने तथा सेंटर के संचालन, रखरखाव, मानव संसाधन एवं उपकरणों के अधिष्ठापन पर लगभग कुल राशि ₹25 करोड़ के कुल व्यय की स्वीकृति के संबंध में। | 4. | स्वीकृत। |

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | केन्द्र प्रायोजित अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत 2.0) अंतर्गत जमालपुर जलापूर्ति परियोजना हेतु लागत राशि रू० 102,22,91,107/–(एक सौ दो करोड़ बाईस लाख इक्यानवे हजार एक सौ सात रू०) की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में। | 5. | स्वीकृत। |

## नगर विकास एवं आवास विभाग

6. केन्द्र प्रायोजित अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत 2.0) अंतर्गत मुंगेर जलापूर्ति परियोजना (फेज–1) हेतु लागत राशि रू० 177,72,47,949/–(एक सौ सतहत्तर करोड़ बहत्तर लाख सैंतालीस हजार नौ सौ उनचास रू०) की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में। — 6. स्वीकृत।

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

7. नवादा जिलान्तर्गत अंचल–रजौली, मौजा–रजौली, थाना सं०–184, खाता सं०–1603, खेसरा सं०–9112, रकवा–1.5 एकड़ एवं खेसरा सं०–9114, रकवा–42.48 एकड़ सहित कुल प्रस्तावित रकवा–43.98 एकड़ अनावाद बिहार सरकार के स्वामित्व की भूमि बिहार औद्योगिक सुरक्षा बल (BISF) की स्थापना हेतु गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार, पटना को निःशुल्क अन्तर्विभागीय हस्तान्तरण की स्वीकृति के संबंध में। — 7. स्वीकृत।

## विधि विभाग

8. पूर्णियाँ, भागलपुर एवं गया जी न्यायमंडल में एन०डी०पी०एस० अधिनियमों (NDPS Acts) के अंतर्गत वादों की सुनवाई हेतु अनन्य विशेष न्यायालयों की स्थापना के निमित्त तीन जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालयों के लिए अराजपत्रित कोटि के कुल 27 (सत्ताईस) विभिन्न पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। — 8. स्वीकृत।

## विधि विभाग

9. न्यायमंडल पश्चिम चम्पारण (बेतिया), मधुबनी, भोजपुर (आरा), सिवान, अररिया, सुपौल, खगड़िया, जहानाबाद, बक्सर, जमुई, कैमूर (भभुआ), कटिहार, सीतामढ़ी, मुंगेर, मधेपुरा, बाँका, शेखपुरा, औरंगाबाद और लखीसराय में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 (यथा संशोधित) के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित निष्पादन हेतु 19 अतिरिक्त अनन्य विशेष न्यायालयों की स्थापना के निमित्त जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालयों के लिए अराजपत्रित कोटि के कुल 171 (एक सौ एकहत्तर) विभिन्न पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। — 9. स्वीकृत।

## समाज कल्याण विभाग

10. समाज कल्याण निदेशालय अंतर्गत संचालित/निकट भविष्य में संचालित होने वाले 23 पर्यवेक्षण गृह (बालक), 01 पर्यवेक्षण गृह (बालिका), 01 विशेष गृह एवं 09 सुरक्षित स्थानों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 330 गृह रक्षकों को रखे जाने एवं इसके निमित कुल रू० 14,53,35,960/– (चौदह करोड़ तिरपन लाख पैंतीस हजार नौ सौ साठ रूपये) मात्र के वार्षिक व्यय की स्वीकृति। — 10. स्वीकृत।

## स्वास्थ्य विभाग

11. राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, पटना के द्रव्यगुण विभाग में दिनांक–10.01.1990 से 16.02.1990 तक प्रवाचक का 01 (एक) पद एवं दिनांक 22.03.2011 से 30.06.2020 तक प्राध्यापक का 01 (एक) पद अर्थात् कुल 02 (दो) अधिसंख्य पदों (Supernumerary Post) के सृजन का प्रस्ताव के संबंध में। — **11. स्वीकृत।**

## स्वास्थ्य विभाग

12. बिहार जिला आयुष चिकित्सा/राज्य आयुष चिकित्सा सेवा (नियमित/अनुबंध के आधार पर नियुक्ति एवं सेवाशर्त्त) (संशोधन) नियमावली, 2026 की स्वीकृति के संबंध में। — **12. स्वीकृत।**

## स्वास्थ्य विभाग

13. बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रशासनिक कार्यों के प्रयोजनार्थ उप कुलसचिव का 01 (एक) पद, सहायक कुलसचिव का 02 (दो) पद, उप परीक्षा नियंत्रक का 01 (एक) पद तथा सहायक परीक्षा नियंत्रक का 02 (दो) पद अर्थात् कुल–06 (छः) पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। — **13. स्वीकृत।**

## सिविल विमानन विभाग

14. मुख्यमंत्री बिहार हेली–टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना, 2026 के तहत पर्यटकों के उड़ान को सम्पन्न कराने के निमित्त हेलिकॉप्टर की सेवा बिहार वित्त (संशोधन) नियमावली, 2024 के नियम 131झ (त) के परिशिष्टि–16 की कंडिका–3 के आलोक में नामांकन के आधार पर प्रतिमाह ₹60,00,000/–(साठ लाख रूपये) एवं अनुमान्य जी०एस०टी० की दर पर अधिप्राप्ति तथा निर्धारित अवधि में अधिकतम ₹3,30,00,000/–(तीन करोड़ तीस लाख रूपये) एवं अनुमान्य जी०एस०टी० मात्र के प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति के संबंध में। — **14. स्वीकृत।**

## स्वास्थ्य विभाग

15. सात निश्चय–3 (सुलभ स्वास्थ्य–सुरक्षित जीवन) के अंतर्गत लोक–निजी भागीदारी (Public Private Partnership) के तहत 16 ब्राउनफील्ड चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों (डेन्टल कॉलेज एवं अस्पताल सहित) को संचालित किये जाने हेतु निविदा के माध्यम से Transaction Advisor के रूप में चयनित PricewaterhouseCoopers Private Limited (PWC) को LOA निर्गत करने तथा इस पर होने वाले व्यय की कुल राशि रू० 8,27,00,300/–(रूपये आठ करोड़ सत्ताईस लाख तीन सौ) मात्र की योजना की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में। — **15. स्वीकृत।**

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16. | पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत अंचल–पीपराकोठी, मौजा–पीपराकोठी, थाना सं०–210, खाता सं०–03, खेसरा सं०–317/3 की कुल प्रस्तावित रकवा–05 एकड़ बिहार सरकार की भूमि पर नवीन केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु केन्द्रीय विद्यालय संगठन, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को 30 वर्षों के लिए लीज नवीकरण विकल्प के साथ बंदोबस्त किये जाने की स्वीकृति के संबंध में। | **16.** | **स्वीकृत।** |

## कला एवं संस्कृति विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17. | ''हर घर तिरंगा अभियान 2026'' के सफल आयोजन हेतु ₹6,12,00,000/–(छः करोड़ बारह लाख रूपये) मात्र के व्यय की स्वीकृति के संबंध में। | **17.** | **स्वीकृत।** |